# छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग

# शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर

## जिला - सरगुजा (छ.ग.)



## सस्नेह निमंत्रण

# वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 2024

**कार्यक्रम दिनांक: 15 फरवरी 2024**

दिन: गुरूवार समय: सुबह11 बजे से

स्थान: महाविद्यालय प्रांगण

### मुख्य अतिथि

**श्री सौरभ अग्रवाल**

विधायक प्रतिनिधि, लखनपुर

### विशिष्ट अतिथि

**श्री राधेश्याम ठाकुर**
जिला महामंत्री
भारतीय जनता पार्टी उदयपुर

**श्री दीपक सिंघल**
मण्डल उपाध्यक्ष,
भारतीय जनता पार्टी उदयपुर

**श्री विजय अग्रवाल**
समाज सेवक
उदयपुर

### अध्यक्षता

**प्रो. वंदना पाण्डेय(प्राचार्य)**

### विनीत

महाविद्यालय परिवार

शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर

सस्नेह निमन्त्रण


# वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 2024

(दिनांक-15 फरवरी 2024)

प्रतिष्ठा में,

श्रीमान् / श्रीमती डॉ. रिज़वान-उल्ला खान

पता अपर संचालक क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर एवम् समस्त स्टाफ़ पीजी कॉलेज - अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)



स्नेहिल स्वागत..

**प्रेषक :-**

**प्रो. वंदना पाण्डेय (प्राचार्य)**
शासकीय राजकुमार धीरज सिंह
महाविद्यालय, उदयपुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

# वार्षिकोत्सव में सरगुजिहा लोकनृत्य एवं गायन ने मोहा मन

उदयपुर (नईदुनिया न्यूज)। शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय प्रांगण में प्रभारी प्राचार्य प्रो. वंदना पाण्डेय ने मुख्य अतिथि सौरभ अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि. लखनपुर एवं विशिष्ट अतिथि राधेश्याम ठाकुर जिला महामंत्री भाजपा, दीपक सिंघल मंडल उपाध्यक्ष, विजय अग्रवाल समाज सेवी उदयपुर का स्वागत किया।

सहायक अध्यापक मुकेश रजक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। विद्यार्थियो के द्वारा राजकीय गीत अरपा पैरी के धार का गायन किया गया तत्पश्चात



कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं, अतिथिगण एवं प्राध्यापक • नईदुनिया

प्राचार्य प्रो. वंदना पाण्डेय के द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। अतिथियों ने बच्चो को अपने वक्तव्यों से आर्शीवाद प्रदान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत सरगुजा नृत्य, सुआ नृत्य, करमा नृत्य असमिया नृत्य, कविता, नाटक, एकल गायन आदि कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मनमोहक प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर बच्चो का उत्साह वर्धन किया। छात्रों ने प्रसिद्ध शैला नृत्य प्रस्तुत कर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। समापन से पूर्व महाविद्यालय में सम्पन्न गतिविधियों का पुरस्कार वितरण किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक भास्कर
अंबिकापुर 17-02-2024

# पारंपरिक वेशभूषा में छात्रों ने प्रस्तुत किया मनमोहक नृत्य



वार्षिक उत्सव के दौरान रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

भास्कर न्यूज़ | उदयपुर

शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर में वार्षिक उत्सव समारोह मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेता सौरभ अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि दीपक सिंघल रहे। इस दौरान कॉलेज के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र रविंद्र सिंह ने लोकगीत व सागर ताम्रकार ने भक्ति गाने और रामकुमार गोस्वामी ने महाभारत कथा से संबंधित गायन की प्रस्तुति दी।

इस दौरान छात्र-छात्राओं ने बंगाली, तेलुगू, हिंदी, नागपुरी गानों में कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कुछ छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में सैला नृत्य कर छत्तीसगढ़ संस्कृति को दर्शाते हुए सुंदर नृत्य किया। इस क्रम में छात्र-छात्राओं ने एड्स संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक करते हुए इस गंभीर बीमारी से बचाव के उपाय बताएं। वार्षिक उत्सव में सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। सौरभ अग्रवाल ने जागरूकता अभियान की जानकारी देते हुए वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील की।

Scanned with OKEN Scanner